

# घर में चल रही अवैध बंदूक फैक्ट्री का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

- मुख्य कारीगर फरार, एमपी-राजस्थान में करते थे सप्लाई



**नीमच। जिले में अवैध हथियारों के काले कारोबार पर पुलिस ने बड़ा प्रहार करते हुए एक ऐसी फैक्ट्री का पर्दाफाश किया है, जहां मौत के हथियार तैयार किए जा रहे थे। मनासा पुलिस की दबिश में देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस और हथियार बनाने की मशीनें बरामद होने से इलाके में हड़कंप मच गया। चौंकाने वाली बात यह है कि यह अवैध नेटवर्क राजस्थान सहित आसपास के जिलों तक फैला होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि हथियार फैक्ट्री का मास्टरमाइंड अभी फरार है, जिसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है।**

पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने बताया कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 3 अवैध देशी पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस तथा हथियार बनाने में उपयोग होने वाले कई उपकरण जब्त किए हैं। मामले में आरोपी दुर्गाशंकर सुतार को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मुख्य आरोपी नानालाल सिकलीगर निवासी आंतरीमाता फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मनासा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम आंतरीमाता निवासी दुर्गाशंकर सुतार अवैध देशी पिस्टल लेकर मनासा की ओर आ रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सारसी फंटे पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक देशी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने यह हथियार गांव के ही नानालाल सिकलीगर से खरीदा था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने दो और देशी पिस्टल बरामद कीं। इसके बाद पुलिस ने नानालाल के घर दबिश देकर अवैध हथियार फैक्ट्री का खुलासा किया।

मौके से ग्राइंडर मशीन, लेथ मशीन, वेल्डिंग मशीन, बंदूक की नाल, ट्रिगर, मैगजीन, स्प्रिंग, हथौड़ा, प्लायर सहित हथियार बनाने में उपयोग होने वाले कई उपकरण जब्त किए गए।

एसपी राजेश व्यास ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हथियारों की सप्लाई राजस्थान सहित आसपास के जिलों तक होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और तस्करों की तलाश में जुटी हुई है।

कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया, एसडीओपी निकिता सिंह, थाना प्रभारी निलेश अवस्थी, साइबर सेल एवं पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अवैध मादक पदार्थों पर प्रहार की रणनीति तैयार

- नशा मुक्त नीमच की दिशा में ठोस पहल
- कलेक्टर चंद्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में दिए कई निर्देश
- स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता, हॉट स्पॉट पर शिविर लगाने पर विशेष जोर



**नीमच। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार नारकोटिक्स और अन्य नशीली दवाओं की तस्करी की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के लिए नारकोटिक्स समन्वय समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्टर सभाकक्ष, नीमच में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा ने की। बैठक का संचालन सचिव और पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने किया।**

इस संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बैठक में विभिन्न 7 बिन्दुओं पर चर्चा कर योजना बनाई गई है। जिसमें जिले में अफीम, गांजा एवं भांग आदि की फसल की अवैध खेती की सघन निगरानी करने, अंतर्राज्यीय प्रकरणों की जांच की प्रगति की नियमित निगरानी करने, स्कूलों, कॉलेजों आदि में नशीली दवाओं का दुरुपयोग रोकने संबंधी जागरूकता अभियान चलाने, जिले में मादक फसलों की अवैध खेती से प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक विकास कार्यक्रम लागू करने, जिले में संचालित नशामुक्ति एवं पुनर्वास केन्द्रों का पर्यवेक्षण करने, नशे के आदी लोगों को चिन्हित कर नशे की प्रवृत्ति से छुटकारा दिलाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने, नशा प्रभावित क्षेत्रों/हॉट स्पॉट का आंकलन कर ऐसे स्थानों पर जागरूकता शिविर आयोजित करने, के संबंध में चर्चा कर, सभी विभागों की समन्वित योजना तैयार कर, प्रभावी क्रियान्वयन करने का निर्णय भी लिया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी एस.एम. मांगरिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.डी.प्रसाद, अधीक्षक केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो विपिन कुमार, मनोवैज्ञानिक नशा मुक्ति केन्द्र से जीवन तिवारी, एसडीएम नीमच संजीव साहू, एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना, एसडीएम जावद सुश्री प्रीति संघवी, नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान, एसडीओपी जावद रोहित राठौर, एसडीओपी मनासा निकिता सिंह, ड्रग इंस्पेक्टर शोभित तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# धरती आबा अभियान... 15 उज्ज्वला कनेक्शन और 6 आयुष्मान कार्ड बांटे

- ग्राम कानोड़, पालरी, दलपतपुरा में संतृप्ति शिविर सम्पन्न

**नीमच। प्रधानमंत्री धरती आबा उत्कर्ष ग्राम अभियान तहत 'जनभागीदारी-सबसे दूर, सबसे पहले' अभियान के तहत जिले में जनभागीदारी सप्ताह एवं गरिमा उत्सव शिविर 18 से 25 मई 2026 तक आयोजित किए जा रहे है।**

इस अभियान के तहत गुरूवार को ग्राम पंचायत परलाई के ग्राम कानोड़ में 15 उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किए गए। ग्राम पालरी में घर-घर जाकर 25 ग्रामीणजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। ग्राम धाकड़खेड़ी एवं दंतलई में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए।

संतृप्ति शिविर एवं जनसुनवाई: ग्राम दलपतपुरा में संतृप्ति शिविर के साथ जनसुनवाई की गई, जिसमें कोई भी शिकायत/आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। ग्राम झांझरवाड़ा के संतृप्ति शिविर में 6 आयुष्मान कार्ड बनाए एवं 02 वृद्धावस्था पेंशन प्रकरण तैयार किए गए। यहां भी जनसुनवाई में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। यह जानकारी जिला संयोजक राकेश कुमार राठौर ने दी है।

# 100 से अधिक बच्चों ने सीखा फुटबॉल खेलना

- 13 दिवसीय शिविर का समापन
- युवा खिलाड़ी सर्टिफिकेट और शील्ड से सम्मानित



**नीमच। कांग्रेस सेवा दल की ओर से नीमच में आयोजित 13 दिवसीय समर फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आज गुरुवार को समापन हो गया। 9 मई से शुरू हुए इस शिविर में शहर के 100 से अधिक बच्चों ने फुटबॉल का प्रशिक्षण लिया। समापन समारोह पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर शुरू हुआ।**

कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया। सेवा दल के जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव ने स्वागत भाषण दिया। शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पृथ्वीसिंह वर्मा ने किया।

वक्ताओं ने अपने संबोधन में बताया कि नीमच को कभी 'फुटबॉल की नर्सरी' के रूप में जाना जाता था, लेकिन समय के साथ यह पहचान कमजोर पड़ गई थी। सेवा दल ने इस शिविर के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षित कर इस खेल को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है। 13 दिनों के प्रशिक्षण के बाद, ये नए खिलाड़ी भविष्य में शहर का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं।

समापन कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती, पंडित जयप्रकाश शास्त्री, फादर विनोद मईडा, डॉ. संपतस्वरूप जाजू, काजी सद्दाम हुसैन अख्तारी, जीटो अध्यक्ष रिंकू राठौर, सेवा दल जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव, आशा सांभर और चंद्रशेखर पालीवाल सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## एक नजर में

### सर्पदंश से मासूम बालक की मौत, परिवार में छाया मातम



**रामपुरा।** नगर में एक और दर्दनाक घटना घटीत हुई जिससे हर कोई अचंभित है, प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रात्रि मैं एक मासूम को सांप ने काट लिया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई, मिली जानकारी के अनुसार अली पिता इरफान हुसैन उम्र 14 वर्षीय निवासी रामपुरा को सांप ने काट लिया था जिसको परिजन शासकीय चिकित्सालय रामपुरा उपचार हेतु लाए थे जिसका प्राथमिक उपचार किया गया लेकिन स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया था किंतु समीप ही जाते हुए उक्त मासूम बालक की सर्पदंश से मौत हो गई, उक्त मासूम बालक की मौत से नगर एवं परिवार जनों में शोक की लहर है रामपुरा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### रामपुर तहसील ऑफिस में कोटवार शब्बीर हुसैन ने लगाई फांसी, मौत



**रामपुरा।** नगर के मध्य बादीपूरा मोहल्ला निवासी शब्बीर पिता मुबारक हुसैन उम्र 50 वर्ष जो की वर्तमान में तहसील कार्यालय रामपुरा में कोटवार के पद पर कार्यरत थे एवं अपनी पूरी जिम्मेदारी से सेवा दे रहे थे उन्होंने अज्ञात कारणो के चलते गत रात्रि फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, आज प्रातः परिवारजन शासकीय चिकित्सालय रामपुरा लाए गए जहां प्राथमिक जांच की गई, जिसमें वह मृत पाया तत्पश्चात शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम का रामपुरा पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दि है।

### आधार कार्ड संबंधी सेवाओं के लिए विशेष अभियान कल

**नीमच।** प्रधान डाकघर नीमच द्वारा आमजनों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नीमच जिले में सभी डाकघरों (पोस्ट ऑफिस) के आधार एनरोलमेंट एवं अपडेशन सेवा केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेट तथा आधार डेटा में मोबाइल एवं ईमेल लिंक कराने जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। विशेष अभियान 23 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए 21 एवं 22 मई को टोकन वितरण किया जाएगा। अभियान के दिन 23 मई को सभी आधार केन्द्र प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित रहेंगे। नागरिकों से अपील की गई है, कि वे अपने निकटतम डाक घर आधार केन्द्र पर पहुंचकर इस सुविधा का लाभ उठाएं। नीमच शहर के नीमच प्रधान डाकघर, नीमच बघाना खोर, जावद, महागढ़, मनासा, रामपुरा सहित विभिन्न डाकघरों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। आमजन इस सुविधा का लाभ उठा सकते है।

### पूर्व पीएम की पुण्यतिथि पर नीमच कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**नीमच।** जिला और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को पूर्व पीएम राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। गांधी भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर देश निर्माण में उनके योगदान को याद किया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती ने राजीव गांधी को सूचना क्रांति का जनक बताते हुए उनके दूरगामी विजन की चर्चा की। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष तरुण बाहेती ने कहा कि आज देश में मोबाइल, कंप्यूटर और आधुनिक तकनीक का जो विस्तार दिख रहा है, वह राजीव गांधी की सोच का परिणाम है। उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाने के लिए 18 वर्ष की आयु में मताधिकार देने के ऐतिहासिक फैसले का भी उल्लेख किया।

# भाजपा पार्टी ही अनुसूचित जाति वर्ग की सच्ची हितैषी : भगवान परमार



**नीमच।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आज प्रभास के लिए नीमच पधारे इस अवसर पर शुरुआत में वह अंबेडकर सर्किल पहुंचे जहां उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यर्पण किया इसके पश्चात वह अनुसूचित जाति छात्रावास में पहुंचे जहां उन्होंने छात्र-छात्राओं से वार्तालाप की एवं उन्हें शासन की योजनाओं से अवगत कराया वह छात्रावास का निरीक्षण किया इसके बाद वह भाजपा कार्यालय तपोभूमि पहुंचे जहां उन्होंने भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही अनुसूचित जाति वर्ग की सच्ची हितैषी पार्टी है।

भाजपा सरकार ने कई ऐसी योजनाएं बनाई हैं इनका सीधा लाभ हमारे अनुसूचित जाति वर्ग को मिल रहा हैं भाजपा सरकार ने अनुसूचित जाति वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया है इस अवसर पर मौजूद भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल ने कहा की भाजपा सरकार ने ही अंबेडकर जी को सच्चा सम्मान देने का काम किया हैं और भाजपा सरकार अंबेडकर जी के बताएं मार्ग पर चलकर विकास का कार्य कर रही हैं 7 इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार व अन्य अतिथियों बघाना पहुंचकर लाड़ली बहना योजना व प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के लाभार्थीयों का सम्मान किया। इस अवसर पर भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष वंदना खंडेलवाल, भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यनारायण खोईवाल, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य हेमंत हरित, अजा मोर्चा संभाग प्रभारी शैलेश गिरजे, अजा मोर्चा प्रदेश सोशल मिडिया प्रभारी हिमांशु मालवीय, भाजपा जिला महामंत्री नरेन्द्र पटेल, धनसिंह कैथवास, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि गोयल, अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रतन मालावत मंचासीन रहे।

उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री रोशन वर्मा, मेहर सिंह जाट, सरपंच दुर्गा शंकर मेघवाल, यशवंत यादव, पवन भील, हितेश राजोरा, राधेश्याम पंवार, भेरू प्रसाद परमार, अल्पसंख्यक मोर्चे के राइस हुसैन पटवा, काबिल खान, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मनीष शर्मा, राजू साल्वी, रवि जैन, निखिल यादव, मोंटू यादव,यशवंत बख्तरिया, अशोक जौहरी, कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री धनसिंह कैथवास ने किया तथा अंत में आभार मदन मौर्य ने माना।

# सीआरपीएफ जवान संजय पाटीदार पंचतत्व में विलीन

- जीरन में सैन्य सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया



**नीमच।** जिले के जीरन में सीआरपीएफ जवान संजय पाटीदार का निधन हो गया। 35 वर्षीय संजय पाटीदार सीआरपीएफ नीमच के डीआईजी रेंज कार्यालय में पदस्थ थे। गुरुवार सुबह उन्हें राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

**गणपति मंदिर चौराहे पर उमड़ी भीड़**-संजय पाटीदार का पार्थिव शरीर जीरन के गणपति मंदिर चौराहे पर पहुंचा तो बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'जब तक सूरज चांद रहेगा, संजय तेरा नाम रहेगा' जैसे नारे लगाए। सुबह 9 बजे लोहिया नगर स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई, जो मुक्तिधाम पहुंची।

**सैन्य दल ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर**-मुक्तिधाम में सीआरपीएफ के अधिकारी रामरस मीणा के नेतृत्व में सैन्य दल ने जवान को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अधिकारियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अंतिम संस्कार के दौरान संजय पाटीदार के पिता प्रेमनारायण पाटीदार, काका सत्यनारायण, छोटे भाई कपिल और पुत्र वैदिक सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे। परिवारजनों ने पार्थिव देह को मुखाग्नि दी। कम उम्र में संजय पाटीदार के निधन की खबर से परिवार और जीरन क्षेत्र में शोक का माहौल है। अंतिम यात्रा में स्थानीय नागरिकों के साथ विभिन्न संगठनों और परिचितों की भी मौजूदगी रही।

# लोग फटाखे अपने घरों में नहीं रखें, ये खतरनाक : कलेक्टर

- सुरक्षा के लिए की नागरिकों से अपील



**नीमच। कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिले के नागरिकों से अपील की है, कि दीपावली पर खरीदे गये और उपयोग से शेष रहे फटाखे कोई भी नागरिक अपने घरों में नहीं रखें। उनको फटाखा गोदामों में जमा करवा दें।**

कलेक्टर ने जिल के अस्थाई फटाखा लायसेंसी विक्रेताओं से भी कहा, है कि यदि उनके पास दीपावली के बचे हुए फटाखे उपलब्ध हो, तो वे उन फटाखों को भी अपने घरों में ना रखे। ऐसे सभी फटाखों को सुरक्षा की दृष्टि से जिले के स्थाई गोदामों में जमा कर रसीद प्राप्त कर लें। कलेक्टर ने कहा, कि घर में रखे पटाखों से गर्मी में अग्नी दुघर्टना की संभावना बढ जाती है। उन्होने सभी से अपील की है, कि कोई भी अपने घरों में फटाखे ना रखे।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम एवं एसडीओपी को उनके क्षेत्र में स्थित फटाखा दुकानों, गोदामों व अन्य विस्फोटक सामग्री के भण्डारण स्थलों का भी नियमित रूप से संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। एसपी राजेश व्यास ने भी अधिकारियों को नियमित रूप से प्रत्येक तीन माह में नियमित अंतराल पर विस्फोटक सामग्री एवं फटाखा गोदामों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए है।

**एक नजर** — फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने पुलिस अधिकारी बनकर डराया-धमकाया

# दिव्यांग किसान से 32 हजार छीने, शिकायत दर्ज

**नीमच। शहर में एक दिव्यांग किसान और उनकी पत्नी से फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों ने सरेराह 32,000 छीन लिए। यह घटना ग्वालटोली पेट्रोल पंप के सामने हुई, जहां दंपत्ति के साथ धक्का-मुक्की और डरा-धमकाकर पैसे छीने गए। पीड़ित दंपत्ति ने नीमच कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।**



ग्राम मेंडकी निवासी भेरू धाकड़ अपनी पत्नी अनु धाकड़ और बच्चे के साथ अपने एक मित्र की गाड़ी से नीमच मंडी में चीया बीज बेचने आए थे। बीज बेचने के बाद जब वे अपने गांव लौट रहे थे, तभी ग्वालटोली पेट्रोल पंप के पास उन्हें रोका गया।

पीड़ित भेरू धाकड़ के अनुसार, पेट्रोल पंप के सामने अचानक 10 से 12 अज्ञात युवकों ने उनकी गाड़ी रोक ली। युवकों ने दावा किया कि गाड़ी का फाइनेंस बकाया है। जब किसान ने बताया कि गाड़ी उनकी नहीं है और वे इसके मालिक से बात कर सकते हैं, तो युवकों ने उनके साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की शुरू कर दी।

युवकों ने अपने मोबाइल से 'यश मालवीय' नामक व्यक्ति को फोन लगाया, जिसने खुद को थाने का पुलिस अधिकारी बताकर दंपत्ति को धमकाया। फोन पर कहा गया, 'इन्हें वहीं गिरा दो और गाड़ी लेकर थाने आ जाओ।' इस धमकी से दंपत्ति डर गया।

पीड़ित महिला अनु धाकड़ ने बताया कि आरोपियों ने उनसे जबरन गाड़ी की चाबी छीनने की कोशिश की और विरोध करने पर धक्का-मुक्की की। भेरू धाकड़ दिव्यांग हैं और उनका एक पैर काम नहीं करता, जिससे वे अपनी पत्नी और बच्चे की सुरक्षा को लेकर चिंतित हो गए।

इस स्थिति का फायदा उठाते हुए, युवकों ने (जिनमें से एक का नाम मोबाइल नंबर के आधार पर 'मंगल सिंह' सामने आया है) चीया बीज बेचकर मिले कुल 32,000 छीन लिए। इसमें 27,000 सेटलमेंट के नाम पर और 5,000 गाड़ी ज़ब्त करने की कार्रवाई के नाम पर लिए गए। पैसे लेने के बाद वे गाड़ी वहीं छोड़कर फरार हो गए। जाते समय उन्होंने केवल अपना मोबाइल नंबर दिया, लेकिन नाम नहीं बताया।

घटना के तुरंत बाद डरा-सहमा रात बुधवार रात नीमच कैंट थाने पहुंचा और पुलिस को आपबीती सुनाई। पुलिस ने पीड़ित किसान की शिकायत पर मामले में जांच शुरू कर दी। और ग्वालटोली क्षेत्र की घटना स्थल का भी मौका मुआयना किया है।